प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत डॉ0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में हुए शामिल : श्री योगी ने कहा– न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये राज्य सरकार लगातार कर रही है काम।
2. बहराइच में नाव हादसे के पीड़ित परिवारों से मुख्यमंत्री ने मुलाकात कर, दी सहायता राशि : अधिकारियों को पुर्नवासन के दिये निर्देश।
3. कानपुर में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव को बताया लोकतंत्र की बुनियाद : कहा– आयोग के सामने न कोई पक्ष, न कोई विपक्ष।

और

4. ऑनलाइन प्रक्रिया से होगा यूपी बोर्ड परीक्षाओं के केन्द्रों का निर्धारण : 10 नवम्बर से 30 दिसम्बर तक पूरी की जायेगी प्रक्रिया।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रूल ऑफ लॉ को प्रभावी बनाने के लिये बार और बेंच के बीच बेहतर तालमेल पर बल दिया है। श्री योगी ने आज लखनऊ में डॉ0 राम

मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में बोलते हुए कहा कि न्याय व्यवस्था जितनी मजबूत होगी, सुशासन के लक्ष्यों को हासिल करना उतना ही आसान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विश्वविद्यालय देश और प्रदेश दोनों के लिये गर्व की बात है। यहां से उपाधि हासिल करने वाले छात्र देश की न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये लगातार जरूरी ठोस उपाय कर रही है। बाइट.....

*विवेक और संवेदना में जब समन्वय होता है तब हम रूल ऑफ लॉ की परिकल्पना को मूर्त रूप से देख पाते हैं। इसमें बेहतर समन्वय हो इसके लिए हम लोगों ने उत्तर प्रदेश में इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने प्रारंभ किए हैं। 10 जनपदों के लिए एक साथ हम लोगों ने धनराशि भी इसके लिए जारी की है जिसमें एक ही कैंपस में सभी प्रकार के कोर्स जिले स्तर के सभी कोर्स होंगे। वहीं पर हमने बार के लिए भी की व्यवस्था उपलब्ध करवाई है।*

श्री योगी ने कहा कि राज्य सरकार आम लोगों विशेषकर महिलाओं और बच्चों को त्वरित न्याय दिलाने के लिये अब तक 380 से ज्यादा फास्ट ट्रैक और पाक्सो कोर्ट बना चुकी है, जिसके बेहतरीन परिणाम आ रहे हैं।

लोक अदालतों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसक माध्यम से भी लोगों को त्वरित इंसाफ दिलाया जा रहा है। समारोह में मुख्यमंत्री ने एलएलबी आर्नस में विषयवार सर्वाधिक अंक प्राप्त वाले छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति

सूर्यकांत इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरूण भंसाली, न्यायमूर्ति विक्रमनाथ, प्रदेश सरकार के मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और कुलपति प्रोफेसर अमर पाल सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों बहराइच जिले के भरथापुर गांव में नौका हादसे में के पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान श्री योगी ने चार—चार लाख रुपये को राहत राशि के चेक भी सौंपे। एक रिपोर्ट......

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बहराइच जिले के भरथापुर गांव में पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ित परिवारों को जमीन और आवासीय सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाये। इस मद के लिये श्री योगी ने 21 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि भी मंजूर की। मुख्यमंत्री ने भरथापुर जैसे अन्य गांवों के लोगों के पुर्नवासन के लिये जल्द प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश भी दिया और कहा कि बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाये। उन्होंने अधिकारियों से इस प्रक्रिया को एक महीने के अंदर पूरा करने और इसके लिये जरूरी बजट को शासन को देने को कहा है, ताकि जल्द ही इस तरह के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा सके। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फजल इनाम।*

———————

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कानपुर में कहा है कि चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है और पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराना निर्वाचन आयोग की

**जिम्मेदारी है। मीडिया से बातचीत करते हुए श्री ज्ञानेश ने कहा कि निर्वाचन आयोग की नजर में देश के सभी नागरिक बराबर है। बाइट.....**

*मैं एक बार स्पष्ट करना चाहता हूं कि चुनाव आयोग के लिए ना कोई पक्ष है, ना कोई विपक्ष है, सब समकक्ष है और सामान्य मतदाता शांतिपूर्वक अपनी स्वेच्छा के अनुसार पारदर्शी तरीके से मतदान कर पाए। चुनाव आयोग उसके लिए पूरी तरह तैयार है और आशा है कि बिहार में होने वाले यह चुनाव ना केवल पारदर्शिता के लिए बल्कि सक्षमता के लिए, सरलता के लिए, भारत के लिए एक नज़ीर होंगे।*

————————

**नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के बाद, 22 सितम्बर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर में लोगों को फायदा हो रहा है। इन सुधारों से स्टेशनरी क्षेत्र को भी बढ़ावा मिल रहा है। एक रिपोर्ट........**

*नये जीएसटी सुधारों से स्टेशनरी उत्पादों पर टैक्स कम होने से परिवारों और छात्रों को बड़ी राहत मिली है। संशोधित कर ढांचे के तहत नोटबुक, ग्राफ बुक, शॉर्पनर, इरेज़र और पेंसिल जैसी वस्तुओं को पूरी तरह कर–मुक्त कर दिया गया है। इसी प्रकार, पेंसिल बॉक्स और गणितीय उपकरण सहित शिक्षण सामग्री पर पहले के 12 प्रतिशत के बजाय कर की दरें अब केवल 5 प्रतिशत हैं।*

*इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कटौती से परिवारों के लिए शिक्षा पर होने वाले खर्च में कमी आई है और घरेलू स्टेशनरी विनिर्माण को बढ़ावा मिला है। दृ ष्टि के साथ, सौम्या शरण, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

उत्तर प्रदश माध्यमिक शिक्षा परिषद की आगामी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की शुचिता, विश्वसनीयता बनाये रखने और नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिये यूपी बोर्ड ने परीक्षा केन्द्र निर्धारण के मानक तय किये हैं। नये मानकों के मुताबिक परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण ऑनलाइन प्रक्रिया से किया जायेगा। केन्द्र निर्धारण की पूरी प्रक्रिया 10 नवम्बर से 30 दिसम्बर 2025 तक जारी रहेगी। सभी जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनाई गई जनपदीय केन्द्र निर्धारण समिति पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेगी। विद्यालयों के प्रधानाचार्य, छात्र, अभिभावक और प्रबंधन समिति तय समय सीमा में ऑनलाइन प्रक्रिया में भाग लेकर आपत्ति या सुझाव बोर्ड के पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं।

—————————

आगामी 7 नवम्बर से लखनऊ से सहारनपुर और वाराणसी स प्रयागराज होकर खजुराहो तक नइ वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू हो जायेगा। लखनऊ–सहारनपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के जरिये सीतापुर भी जुड़ेगा, जिसस नैमिषधाम जाने वाले श्रद्धालुओं को खासी सुविधा होगी। यह नई ट्रेन सोमवार को छोड़कर हफ्ते में छह दिन सुबह पांच बजे लखनऊ जंक्शन से रवाना होगी। इसी तरह वाराणसी से वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह पांच बज कर 25 मिनट पर छूटेगी और विन्ध्याचल, छिवकी चित्रकूट धाम बांदा और महोबा होते हुए खजुराहो दोपहर एक बजकर 10 मिनट पर पहुंचेगी।

———————

मथुरा के वृंदावन में आज दवोत्थान एकादशी पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। सुबह से श्रद्धालु बांके बिहारी के दर्शन कर पंचकोसी परिक्रमा कर रहे हैं। इस दौरान परिक्रमा मार्ग राधे–राधे के जयकारों से गुंजायमान रहा।

———————

मथुरा में यमुना नदी के विश्राम घाट और देवरहा बाबा घाट के पास लिविंग वॉटर साइकिल बिल्डिंग बनाई जायेगी। इसके अलावा गोकुल में पतित पावन कुंड और बलदेव में बंदी आनंदी कुंड का पुनरूद्धार किया जायेगा। यह काम गुरूग्राम में संचालित लिविंग पीस फाउंडेशन

सीएसआर फंड जुटा कर करेगी। इसके लिये ब्रज तीर्थ विकास परिषद और कई विभागों ने फाउंडेशन के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं।

———————

पीलीभीत जिले के माधव टांडा स्थित गोमती उद्गम तीर्थ पर आगामी 4 से 8 नवम्बर तक मां गोमती शरद कालीन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गोमती ट्रस्ट के अध्यक्ष और उपजिलाधिकारी नेपाल सिंह ने बताया कि महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि महोत्सव के प्रचार प्रसार के लिये आज सुबह ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा प्रचार रथ रवाना कर दिया गया।

———————

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जारी राज्यस्तरीय समन्वय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज लखनऊ, झांसी, आजमगढ़, वाराणसी, गोरखपुर और अयोध्या मंडल की टीमों ने शानदार खेल प्रदर्शन किया। लखनऊ मंडल ने सहारनपुर के खिलाफ 13—4 से एकतरफा जीत दर्ज की। झांसी मंडल ने पहले मैच में मेरठ को 12—2 और दूसरे मैच मं प्रयागराज को 10—7 से मात दी है। यह आयोजन उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के समन्वय से हो रहा है।